Patna News: पटना में कैंसर बांटने वाली नकली दूध फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक हजार लीटर नाला में बहाया

संवाद सूत्र, मनेर (पटना)। Patna News: पटना के मनेर में नकली दूध और दुग्ध निर्मित खाद्य पदार्थ बनाने वाली एक फैक्ट्री का प्रशासन ने शनिवार को पर्दाफाश किया। मनेर में की गई छापेमारी में बड़ी मात्रा में नकली दूध, केमिकल, आदि सहित सामान जब्त किए गए। नकली खाद्य पदार्थों को नष्ट भी किया गया।

मनेर नगर परिषद समेत पंचायत के गांवों में यहां से सेहत के लिए हानिकारक नकली दूध व उत्पाद की आपूर्ति की जाती थी। इसका नेटवर्क यहीं तक सीमित नहीं था, बल्कि रांची, जमशेदपुर, धनबाद से लेकर बंगाल तक आपूर्ति की जाती थी।

शादी-ब्याह के मौसम में पनीर आदि की मांग बढ़ जाती है, जिसके कारण बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पाद तैयार किया जाता था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि मनेर में कई जगहों पर नकली एवं मिलावटी दूध के साथ खोआ, पनीर आदि बनाए जाने की सूचना मिली थी।

खुसरूपुर निवासी कैलाश सिंह की दुकान पर छापेमारी की गई

इसके बाद मनेर के देवी स्थान में खुसरूपुर निवासी कैलाश सिंह की दुकान पर छापेमारी की गई। यहां नकली दूध बनाने की फैक्ट्री मिली। यहां केमिकल के अलावा पाउडर से दूध बनाए जाते थे। दूध के अधिक दिनों तक भंडारण के लिए फार्मोलीन केमिकल का प्रयोग किया जाता था।

Source: https://www.jagran.com/bihar/patna-city-patna-news-fake-milk-factory-distributing-cancer-caught-in-maner-one-thousand-liters-of-milk-spilled-on-the-road-23706466.html